लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 263

जिसका उत्तर बुधवार, 27 नवंबर, 2024 को दिया जाएगा

मूल्य निगरानी तंत्र

263. श्री विष्णु दयाल राम:
श्री पी.पी. चौधरी:
श्री जुगल किशोर:
श्रीमती हिमाद्री सिंह:
श्री विजय कुमार दूबे:
श्रीमती अपराजिता सारंगी:
श्री चन्द्र प्रकाश जोशी:
डॉ. विनोद कुमार बिंद:
श्री आशीष दुबे:
श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी:
श्री बलभद्र माझी:

क्या उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने आवश्यक वस्तुओं के लिए पूर्वानुमानित मूल्य पूर्वानुमान मॉडल विकसित किया है और यदि हां, तो इसकी विशेषताओं और इसमें शामिल वस्तुओं सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा इस मॉडल को मौजूदा मूल्य निगरानी तंत्र और बाजार खुफिया प्रणालियों के साथ एकीकृत करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो इसकी समय-सीमा क्या है और इसके अपेक्षित परिणाम क्या हैं;

(ग) मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को स्थिर करने के लिए मॉडल के पूर्वानुमानों के आधार पर सरकार द्वारा उठाए जाने वाले प्रस्तावित विशिष्ट उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या बाजार मूल्य स्थिरीकरण पर इसके संभावित प्रभाव का कोई आकलन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री
(श्री बी. एल. वर्मा)

(क) से (घ): उपभोक्ता मामले विभाग देश भर में राज्यों/संघ शासित प्रदेशों द्वारा स्थापित 555 मूल्य रिपोर्टिंग केंद्रों द्वारा रिपोर्ट की गई चुनिंदा खाद्य वस्तुओं की दैनिक उपभोक्ता खुदरा और थोक कीमतों की निगरानी करता है। दालों जैसी खाद्य वस्तुओं के मूल्य परिदृश्य और रुझानों का विश्लेषण मूल्य व्यवहार को प्रभावित करने वाले कारकों जैसे आपूर्ति की स्थिति, मौसम के अनुसार मूल्यों में उतार-चढ़ाव, अनुमानित उत्पादन, बाजार आसूचना इनपुट आदि को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है।

बेंचमार्क मंडियों में मूल्य प्रवृत्तियों और आयात मूल्यों के आधार पर प्रमुख उपभोग केंद्रों में तूर, उड़द, मूंग, चना और मसूर जैसी दालों की खुदरा कीमतों की भविष्यवाणी करने के लिए मूल्य पूर्वानुमान मॉडल उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा अपनाए गए विश्लेषणात्मक उपकरणों में से एक है। मूल्य-पूर्वानुमान मॉडल, समय श्रृंखला डेटा का उपयोग करता है और एक योगात्मक मॉडल पर आधारित है, जहां गैर-रैखिक प्रवृत्तियों को वार्षिक, साप्ताहिक और दैनिक मौसमीपन के साथ-साथ अवकाश के प्रभावों के साथ जोड़ा जाता है। समय-श्रृंखला डेटा में प्रमुख उपभोग केंद्रों पर खुदरा कीमतों के पूर्वानुमान के लिए, बेंचमार्क मंडियों में दालों की कीमतें और आयात कीमतें शामिल हैं। मूल्य पूर्वानुमान मॉडल को विभाग के मूल्य निगरानी विश्लेषणात्मक डैशबोर्ड के साथ एकीकृत किया गया है।

दैनिक मूल्य आंकड़े और विश्लेषणात्मक आउटपुट, बफर स्टॉक से स्टॉक जारी करने, आयात शुल्क को युक्तिसंगत बनाने जैसे व्यापार नीति साधनों में परिवर्तन, आयात कोटा में परिवर्तन, वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिबंध आदि से संबंधित उचित निर्णय लेने के लिए महत्वपूर्ण इनपुट होते हैं, ताकि कीमतों को स्थिर रखा जा सके। सरकार द्वारा बनाए गए दालों और प्याज के बफर स्टॉक के साथ बाजार में हस्तक्षेप के समय, मात्रा और लक्ष्य निर्धारण के लिए इन इनपुट का उपयोग किया जा रहा है। बफर स्टॉक से प्याज की खुदरा बिक्री उन शहरों/केन्द्रों पर लक्षित है, जहां प्रचलित खुदरा कीमतें अखिल भारतीय औसत से अधिक हैं। भारत दालों की खुदरा बिक्री प्रमुख उपभोग केंद्रों पर लक्षित होती है, जहां कीमतें दालों की रियायती कीमतों से अधिक होती हैं। दैनिक मूल्यों और विश्लेषणात्मक आउटपुट के आंकड़ों से मूल्य अस्थिरता को स्थिर करने के लिए बाजार हस्तक्षेप को बेहतर ढंग से लक्षित करने और इन आवश्यक खाद्य वस्तुओं को उपभोक्ताओं को किफायती मूल्यों पर उपलब्ध कराने में मदद मिली।

****